हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 27 सितंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 नवरात्र पर्व पर शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क रैबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार के निर्देशानुसार विश्व रैबीज सप्ताह के अंतर्गत जिला पशु चिकित्सालय परिसर, पुराना बस स्टैण्ड, जांजगीर में 27 सितंबर को निःशुल्क रैबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया है। उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं ने बताया कि यह टीकाकरण शिविर प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित किया जाएगा। जिसमें सभी पशु पालक अपने पशु डॉग में रैबीज का टीकाकरण निःशुल्क लगवा सकते है।

### रात्रि में खड़े वाहनों से चोरी करने वाले 3 आरोपी से 40 लीटर डीजल जब्त

**जांजगीर-चांपा।** रात्रि में खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले खरीददार सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके कब्जे से 40 लीटर डीजल की जब्ती बनाई गई है। मामला चांपा थाना का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार टाटा मोटर्स हाथनेवरा चौक मैं अकाउंटेंट संदीप कुमार अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 सितंबर को ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 बीएस 5543 एवं सीजी 11 बीडी 2052 तथा सीजी 25 एम 4059 सर्विसिंग के लिए आई थी। रात्रि 24 सितंबर को रात्रि में अज्ञात चोरों के द्वारा बाउंड्री के अंदर घुसकर पार्किंग में खड़ी ट्रेलर वाहनों से करीबन 50 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी बिरजू सूर्यवंशी, संजय रोहिदास एवं डीजल खरीददार अमित साहू को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### सामान्य सभा बैठक की सीसी टीवी फुटेज पाने करना पड़ा आंदोलन

# सीएमओ के कक्ष में आधी रात तक धरने पर बैठी रही पालिकाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

### अकलतरा नगर पालिका में अधिकारी व जनप्रतिनिधि आमने-सामने

नगर पालिका अकलतरा में उस वक्त अजीबो गरीब स्थिति निर्मित हो गई, जब अध्यक्ष के आवेदन पर अमले ने सामान्य सभा और अन्य बैठकों की सीसी टीवी फुटेज देने से इंकार कर दिया और नाराज अध्यक्ष सीएमओ के कक्ष में ही धरने पर बैठ गई। उनका आंदोलन आधी रात तक जारी रहा, बाद में उच्चाधिकारियों की पहल पर उन्हें सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराया गया। जिसके बाद मामला शांत कराया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ती रोहित सारथी ने 25 सितंबर को सुबह 11 आवक जावक में लिखित आवेदन देकर 24 सितंबर को नगर पालिका के सभा कक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक एवं एक माह पूर्व आयोजित सामान्य सभा की बैठक के सीसीटीवी फुटेज की मांग की। आवेदन पर आवक जावक शाखा के लिपिकों ने सीएमओ की अनुपस्थिति की बात कहते हुए फुटेज उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया। ऐसे में वे सीएमओ के आने का इंतजार करती रही। तकरीबन 2:30 बजे सीएमओ पहुंचे तो अध्यक्ष ने अपना आवेदन बताते हुए फुटेज उपलब्ध कराने की बात कही। बताया जाता है कि इस दौरान लिपिकों ने फुटेज उपलब्ध करा पाने में असमर्थता जाहिर की। जिससे नाराज होकर अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी उनके कक्ष में ही अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गई। सीएमओ के कक्ष में अध्यक्ष के धरने पर बैठने से असामान्य स्थिति निर्मित होने लगी। अध्यक्ष देर रात तक उनके कक्ष में धरने पर बैठी रही। बाद में रात्रि करीब 11 बजे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और उच्चाधिकारियों ने पहल की। जिसके उपरांत एसडीएम सुमित बघेल ने सीएमओ से बात की और बैठक का सीसी फुटेज अध्यक्ष को उपलब्ध कराया गया, तब जाकर मामला शांत हुआ।



सीसीटीवी फुटेज प्राप्त करने धरने पर बैठी नपाध्यक्ष।

#### की गई आनाकानी

सीएमओ द्वारा सीसीटीवी फुटेज देने में आनाकानी की जा रही थी। सीएमओ द्वारा एक महिला जनप्रतिनिधि के अधिकार से खिलवाड़ किया गया है।

**-दीप्ति सारथी,**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद अकलतरा

#### फुटेज देने में देरी

जिस व्यक्ति द्वारा सीसीटीवी फुटेज लगाया गया है, वह बाहर गया था। जिसकी कंपनी द्वारा सीसीटीवी फुटेज लगाया गया था, उसका इंतजार कर रहे थे। जिसके चलते देरी हो गई है।

**-संजय सिंह,**
सीएमओ, नपा अकलतरा

# शरीर पर ज्योत जवारा के साथ अनोखी आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

सक्ती जिले के जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत गौरव ग्राम पंचायत मल्दा में शारदीय क्वार नवरात्र पर अनोखी आस्था और भक्ति का नज़ारा देखने को मिल रहा है।

रामसागर सड़क पारा निवासी 26 वर्षीय रामकीर्तन कश्यप ने जय ठकुराइन दाई मंदिर में अपने शरीर पर जवारा बोकर ज्योति कलश की स्थापना की है। भक्त रामकीर्तन लगातार नौ दिन और नौ रात तक इसी अवस्था में माता की आराधना करेंगे। भक्त ने शरीर पर लाल चुनरी बिछाकर लेटे हुए अवस्था में पूरे शरीर में जवारा बोया है। यही नहीं, उनके ऊपर ज्योति कलश भी स्थापित किया गया है। इस दौरान उन्हें सुबह और शाम केवल आधा कप दुर्वा (दुबी) का रस और थोड़ा नींबू का रस पिलाया जाता है, ताकि उनका गला सूख न जाए। पूरे नौ दिन तक वे इसी तरह साधना करेंगे। मंदिर के पुजारी सुंदरलाल कश्यप, बैगा रामनाथ कश्यप और महेश कश्यप ने बताया कि यह रामकीर्तन का लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्होंने इस अनोखी तपस्या को अपनाया है। ठकुराइन दाई मंदिर मल्दा में कुल 29 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं।



शरीर पर जवारा बोकर आराधना में लीन रामकीर्तन कश्यप

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444



## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम के तहत सेंट थॉमस स्कूल में लगाए फलदार पौधे

**कोरबा।** एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती एवं सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार गुरुवार को दीपका मंडल के बूथ क्रमांक 122 एवं 123 के कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला कार्य समिति सदस्य वरिष्ठ पार्षद अरुणीश तिवारी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम का आयोजन करते हुए सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल प्रगति नगर में फलदार पौधे रोपित किए गए विशेष रूप से आम, ऑवला, पपीता के साथ-साथ कुछ पुष्प एवं छायादार पौधे भी लगाए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पार्षद एवं जिला कार्य समिति सदस्य भारतीय जनता पार्टी कोरबा अरुणीश तिवारी के साथ शक्ति केंद्र संयोजक धर्मेंद्र शुक्ला बूथ अध्यक्ष एवं श्रमिक नेता जेसीसी सदस्य बनवारी लाल चंद्रा, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री श्रमिक नेता सतीश राठौर, भारतीय जनता युवा मोर्चा नेता गोविंद यादव ने अपने करकमलों से पौधा लगाया। इस अवसर पर सेंट थॉमस स्कूल की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती मरियम अब्राहम, श्रीमती अनिला वर्गीस, रुखसाना जॉर्ज, टी हन्ना, राजाराम दहिया, सजी जैकब, विनोद एवं रामकुमार का विशेष सहयोग रहा। इस एक पेड़ मां के नाम अभियान पर प्रकाश डालते हुए श्री तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संकल्प है कि बदलते इस पर्यावरण असंतुलन को संतुलित करने के लिए हर व्यक्ति इस अभियान में जुड़े।

### दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा।** सेवा पखवाड़ा दिवस अंतर्गत 21 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल सीएसईबी पूर्व में दिव्यांग छात्र छात्राओं की खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती धनेश्वरी गर्ग उपस्थित थीं। इस अवसर पर सीईओ श्री नाग द्वारा कहा गया कि सेवा पखवाड़ा दिवस में आज दिव्यांग छात्र छात्राओं कार्यक्रम में यह बच्चे दिव्यांग नहीं है जो अपने मन में मान ले कि मैं कुछ नहीं कर सकता वही दिव्यांग है और सभी बच्चों को यह कह कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को खेलकूद (कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, 50 मीटर दौड़, पेंटिंग, गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम) इत्यादि कराया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली दिव्यांग छात्र छात्राओं, शिक्षक को प्रोत्साहित करने टिफिन बॉक्स वितरण किया गया और सभी को भोजन कराया गया। उप संचालक समाज कल्याण, जिला शिक्षा विभाग, खेल विभाग, उमंग स्कूल, दिव्यज्योति, अंकुर स्कूल उपस्थित रहे।

### पाली महाविद्यालय में विश्व नदी दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कोरबा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पुष्प राज लाजरस के मार्गदर्शन पर विश्व नदी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 1 सीजी बटालियन कोरबा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सेंथिल कुमार के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स ने दावन नदी सैला के तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर नदी संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का विषय हमारी नदियां, हमारी ज़िम्मेदारी रहा। कैडेट्स ने पोस्टर, चित्रकला और कविता के माध्यम से नदियों के महत्व व संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. हर्ष पांडेय ने अपने संबोधन में नदियों को हमारी संस्कृति और सभ्यता की जीवन रेखा बताया । वहीं डॉ. शेख़ तस्लीम अहमद ने तेरह वर्षों बाद एनसीसी की गर्ल्स इकाई प्रारंभ होने पर हर्ष व्यक्त किया और चयनित छात्राओं को बधाई दी। मंच संचालन एनसीसी प्रभारी सुश्री वर्षा लकड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. कविता ठक्कर, संत कुमार खांडेकर तथा सुश्री भारती देवांगन की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी कैडेट्स ने शपथ ली कि वे नदियों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

जाँजगीर मार्केट
फ्री फ्री फ्री 66% छूट
COBB ITALY flying colors of fashion
कॉब रेडिमेड कपड़ा शो-रूम
1 कपड़ा खरीदने पर 2 कपड़ा फ्री
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

## महापौर एवं निगम आयुक्त ने शिविरों का किया निरीक्षण

# निगम के सभी जोन में लगाए गए पेंशन सत्यापन शिविर, त्रुटिरहित सत्यापन कार्य के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के 7 जोन कार्यालयों में गुरूवार को पेंशन के हितग्राहियों का सत्यापन करने एवं नवीन पेंशन स्वीकृति हेतु फार्म भराए जाने शिविरों का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने विभिन्न शिविरों का निरीक्षण किया तथा त्रुटिरहित सत्यापन कार्य किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**खास बातें**
- दिव्यांग महिला को ट्रायसायकल एवं हितग्राहियों को राशन कार्ड का किया गया वितरण


शिविर में उपस्थित महापौर एवं अन्य।

कोरबा जोन में आयोजित शिविर में महापौर श्रीमती राजपूत ने दिव्यांग महिला राताखार निवासी पाचोबाई केंवट को ट्रायसिकल प्रदान किया। साथ ही हितग्राहियों को राशन कार्डो का वितरण भी किया। विभिन्न जोन कार्यालयों में आयोजित शिविरों में वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, राधा महंत, एम.आई.सी. सदस्य सरोज शांडिल्य, अजय गोंड़, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, रूबी सागर आदि सहित अन्य पार्षदों शिविरों में पहुंचे, पेंशन सत्यापन आदि कार्यो में सहभागिता प्रदान की तथा हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए। नगर निगम द्वारा आयोजित किए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निगम के कोरबा, टीपी नगर, कोसाबाड़ी, रविशंकर नगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला जोन कार्यालयों में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं यथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों का सत्यापन किया गया। इसके साथ ही नये हितग्राहियों को नवीन पेंशन की स्वीकृति के संबंध में आवेदन पत्र भी भराए गए तथा हितग्राहियों का यू.डी.आई.डी. कार्ड पंजीयन का कार्य भी किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शिविरों में पहुंचकर वहॉं की व्यवस्थाओं व शिविर संचालन का निरीक्षण किया, हितग्राहियों से भेंट की तथा पेंशन सत्यापन व नवीन पेंशन स्वीकृति हेतु आवेदन पत्र भराने संबंधी सभी कार्यो का त्रुटिरहित रूप से कार्य संपादन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश अधिकारियों के दिए। निगम के विभिन्न जोन में आयोजित शिविरो में वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी व राधा महंत, एम.आई.सी.सदस्य सरोज शांडिल्य, अजय गोंड़, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, रूबीदेवी सागर, पूर्व पार्षद टीकम राठौर सहित अन्य पार्षदजनों ने शिविर में पहुंचकर शिविर में अपनी सहभागिता दी एवं हितग्राहियों को राशन कार्डो का वितरण किया।

# भाजयुमो कुदमुरा मंडल में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है, जिसके तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भारतीय जनता युवा मोर्चा कुदमुरा मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा के ग्राम पंचायत रजगामार में एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के अंतर्गत निःशुल्क रक्तग्रुप परीक्षण, निःशुल्क बल्डप्रेशर एवं शुगर जांच, निःशुल्क नेत्र जांच का भी आयोजन किया गया था। शिविर के आयोजन का लाभ क्षेत्र की जनता एवं ग्रामीणों को मिला। भारी संख्या में युवाओं ने उत्साह से बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में क्षेत्र के गणमान्य समाज सेवियों द्वारा भारत माता एवं प. दीनदयाल की तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समाज प्रमुख जगदीश प्रसाद डडसेना, ज़िला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, अजय कंवर, भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजलाल राठिया, किशन साव, महामंत्री उमेश्वर सोनी, संजय वैष्णव, शिक्षा प्रकोष्ठ के सह संयोजक कन्हैया राठौर, सुमित वर्मा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भुईया नापकर मंदिर जाना है तो दीजिए अग्निपरीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

नवरात्र में शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में स्थापित देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कोई देवी माँ के दर्शन करने मंदिर पहुंच रहा है तो कोई अपनी मनोकामना पूरी होने पर माँ के दरबार पहुंच रहा है। जिले में माँ मड़वारानी के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। यही वजह है कि नवरात्र में इन दो नों मंदिरों में श्रद्धालुओं की खांसी भीड़ देखने को मिल रही है। ऐसे में मनोकामना पूरी होने पर कर मापते हुए मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर तक जाने वाले मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया है, जिसकी वजह से कर मापते हुए मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कीचड़ में लेटकर गुजरना पड़ रहा है।

**खास बात**
- इस नवरात्र मड़वारानी मंदिर जाने के लिए कीचड़ भरे रास्ते होकर पड़ रहा गुजरना


कीचड़ युक्त सड़क।

क्या किसी देवी देवता के दर्शन करने के लिए भक्तों को अग्नि परीक्षा देनी पड़ेगी? निश्चित रूप से इस सवाल का जवाब नहीं में ही होगा । लेकिन जिले के मड़वा रानी मंदिर पहुंचने वाले सैकड़ो श्रद्धालुओं को मुख्य मार्ग से जुड़ी दिक्कतों को देखते हुए कुछ ऐसा ही लग रहा है। करतला विकासखंड में स्थित मड़वारानी मंदिर के प्रति लोगों की काफी गहरी आस्था है। नवरात्र पर लोग मनोकामना पूर्ति पर भुईया नापकर देवी के दरबार पहुचते हैं। वर्तमान में सड़क की दुर्दशा के कारण उनके सांमने मुश्किलें खड़ी हो गई है। ऐसे में भक्तों के सामने दो विकल्प हैं कि वह कीचड़ से होकर आगे जाएं या फिर वापस लौट जाएं। मुख्य मार्ग में कीचड़ होने की वजह से उन्हें मड़वा रानी तक पहुंचने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। बारिश ने समस्या को और गहरा दिया है। पूरा मार्ग कीचड़ से लथपथ हो गया है। श्रद्धालु बताते हैं कि माता के दरबार में पहुँचने से पहले उन्हें सड़क पर गिरते-पड़ते, यहाँ तक कि कभी-कभी कीचड़ में लोटते हुए आगे बढ़ना पड़ता है। नवरात्र के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस रास्ते से होकर मंदिर तक पहुँचते हैं। उल्लेखनीय है कि कोरबा-चांपा नेशनल हाईवे के निर्माण के दौरान मंदिर को मार्ग मुख्य सड़क से हटाया गया था, किन्तु अब तक वैकल्पिक सड़क का डामरीकरण नहीं किया गया। मड़वारानी मंदिर के सामने लगभग 200 मीटर के लगभग डामरीकरण करना नेशनल हाईवे सड़क का निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार भूल गए हैं। माँ मड़वारानी जिले के प्रमुख शक्ति स्थलों में से एक है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस मार्ग का डामरीकरण कराया जाए, ताकि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं को ऐसी कठिनाईयों से जूझना न पड़े।

# सेवा पखवाड़ा के तहत मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाज़ार में आयोजित मैराथन दौड़ प्रतियोगिता को कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेमचंद पटेल ने अपने निवास रेलडबरी उतरदा से हरि झंडी दिखाते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करते हैं। प्रतियोगिता में कुल 110



छात्रों ने पंजीयन कराया जो युवा ऊर्जा, फिटनेस और राष्ट्र सेवा की भावना से प्रेरित होकर इस आयोजन का हिस्सा बने। इस अवसर पर प्रथम चंद्रप्रकाश रात्रे पामगढ़, द्वितीय सुरेश यादव बिलासपुर एवं तृतीय मनोज यादव अकलतरा विजेताओं को मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जयसवाल के द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो एवं नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम.एम.वैष्णव, भाजपा मंडल पूर्व महामंत्री डॉक्टर विजय राठौर, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज ध्रुवा, बजरंग यादव मंडल उपाध्यक्ष हरदीबाजार, एनएसएस के प्रभारी शिक्षकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अनेक शासकीय ग्राम्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थिति थे।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कोरबा।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर भाजपा सेवा/स्वच्छता पखवाड़ा तथा स्वस्थ भारत विकसित भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ कोरबा, भाजपा कोसाबाड़ी मंडल, आयुष मेडिकल एसोसिएशन एवं



लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के तत्वाधान में निशुल्क रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) जांच, रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) जांच तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य एवं असाध्य रोगों हेतु वृहद निशुल्क आयुर्वेद-एक्यूप्रेसर-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक डॉ.राजीव सिंह, भाजपा जिला कोरबा की उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर तथा भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ.संजय वैष्णव, चिकित्सकों एवं शिविर्थियों ने भारत माता एवं आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धनवंतरी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर एवं उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

# भाजपा जिला अध्यक्ष का हरदीबाजार में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के प्रथम हरदीबाजार आगमन पर बस स्टैंड परिसर में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। युवा मोर्चा के महामंत्री निखिल राठौर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने आतिशबाजी, जोरदार नारों और पुष्प वर्षा के साथ उनका अभिनंदन किया। इस स्वागत समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता भुनेश्वर राठौर, युवा मोर्चा के लक्की साहू, उमेश तिवारी, आयुष द्विवेदी, हिमांशु कंवर, अजय राठौर, साहिल नामदेव, आकाश राठौर, राम राजपूत एवं विकास राठौड़ सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब और कार्यकर्ताओं के उत्साह से वातावरण संगठन भावना से ओत-प्रोत हो उठा।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** ढेलवडीह जागृति क्लब के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें कर्मचारी परिवार के लोग एवं आसपास के ग्रामीणों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य का लाभ लिया। कार्यक्रम में जागृति क्लब के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी चाम्पा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
क्र./1224/तह./2021
चाम्पा, दिनांक 16.09.2025
**ईश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका महफूज हसन पिता/ पति मोहम्मद हसन जाति मनिहार निवासी चांपा तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. ने इस न्यायालय में अपने स्वयं महफूज हसन के जन्म दिनांक 01.11.1965 स्थान पर चांपा में होने पर पंजीयन हेतु आधार कार्ड दाखिल खारीज, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.09.2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के पश्चात दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 16.09.2025 को न्यायालय के सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
दिनांक 16/09/2025
पेशी दिनांक 30/09/2025
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी चाम्पा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी चाम्पा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
क्र./1222/तह./2025
चाम्पा, दिनांक 15.09.2025
**ईश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका महफूज हसन पिता/ पति मोहम्मद हसन जाति मनिहार निवासी चांपा तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. ने इस न्यायालय में अपने भाई अयूब हसन के जन्म दिनांक 03.02.1960 स्थान पर चांपा में होने पर पंजीयन हेतु आधार कार्ड दाखिल खारीज, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.09.2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के पश्चात दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 15.09.2025 को न्यायालय के सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
दिनांक 15/09/2025
पेशी दिनांक 30/09/2025
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी चाम्पा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी चाम्पा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
क्र./1223/तह./2021
चाम्पा, दिनांक 16.09.2025
**ईश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका महफूज हसन पिता/ पति मो. हसन जाति मनिहार निवासी चांपा तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. ने इस न्यायालय में अपने पुत्र/पुत्री/पिता/पति भाई महबूब हसन के जन्म दिनांक 25.03.1958 स्थान पर चांपा में होने पर पंजीयन हेतु आधार कार्ड दाखिल खारीज, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.09.2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के पश्चात दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 16.09.2025 को न्यायालय के सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
दिनांक 16/09/2025
पेशी दिनांक 30/09/2025
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी चाम्पा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीब के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी., ई.ई.जी., स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल




**बलौदा।** शासन की स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बलौदा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार 28 सितंबर को सुबह 11 बजे से किया गया है, जिसमें सभी का स्वास्थ्य जांच एवं सभी लोगों का जिनका अब तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा तथा बुजुर्गों का जिनका वय वंदना आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उनका भी वय वंदना आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बलौदा संचालक डॉक्टर दिलीप जैन ने सभी लोगों को इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### मौसमी बीमारियों से बचाव एवं हाथ धुलाई की बताई गई विधि



**राहौद।** स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत 24 सितंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहौद में प्राचार्य पी एल कौशिक की अध्यक्षता में हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन तिमाही परीक्षोपरान्त किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को मौसमी बैक्टिरियल बिमारीओ एवं उनसे बचने के उपाय बताए गए साथ हाथ धुलाई की विधि बताया गया। इसी प्रकार सुबह के सत्र में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राहौद एवं नगर पंचायत राहौद के सौजन्य से खून ग्रुप जांच एवं सिकलसेल जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा कश्यप, उपाध्यक्ष गया राम चंदेल, राजेश यादव पार्षद, नरसिंह गोंड पार्षद,अमित अनंत पार्षद विमल मनहर, बी पी ध्रुव मुख्य नगर पालिका अधिकारी डां दिनेश दिनकर पी एल कौशिक प्राचार्य सहित शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राहौद में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**राहौद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय उ. मा.विद्यालय राहौद प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राहौद के प्रभारी दिनेश दिनकर के सहयोग से उनकी टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, वजन एवं हीमोग्लोबिन सहित अन्य रक्त संबंधी जांच की गई। शिविर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा समय-समय पर जांच कराने के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया गया। विद्यालय परिवार एवं स्थानीय नागरिकों ने इस शिविर का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के सेवा पखवाड़ा योजना को जनकल्याणकारी बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत राहौद के अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा कश्यप मुख्य नगर पालिका अधिकारी भगवती ध्रुव ,संस्था के प्राचार्य पी.एल कौशिक ,उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल सभापति अमित अनंत पार्षद राजेश यादव, नर्सिंग गोंड , विमल मनहर, धरम, सतीश यादव,राजू, गंगाराम उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शित की अपनी-अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियां



**नवागढ़।** पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय, नवागढ़ में 23 सितंबर को कला एवं शिल्प कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन देना तथा उनकी कलात्मक क्षमताओं को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संचालक विनोद अग्रवाल प्राचार्य डॉ राजेश शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ अन्नपुर्णा अग्रवाल (राधाकृष्ण शिक्षा समिति, नवागढ़) द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियाँ प्रदर्शित कीं। प्रदर्शनी में चित्रकला, मूर्तिकला, पेपर क्राफ्ट, धुप बत्ती एवं हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया।छात्र-छात्राओं की सृजनशीलता और परिश्रम ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल ने विभिन्न मानकों विषय चयन, नवाचार, प्रस्तुति, एवं सौंदर्यबोध के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर तेरस दिनकर (आई क्यू ए सी प्रभारी), श्रीमती प्रीति देवांगन (कार्यक्रम प्रभारी), श्रीमती लक्ष्मीन महंत, सुश्री यशोदा शांते, श्री आलोक चंद्रा, जोहित कश्यप, सतीश, शिवरात्रि, सुश्री रजनी साहू एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### बुनकर सहकारी समिति के सदस्यों से मुलाकात कर सुनी समस्याएं

# ग्रामोद्योग विभाग के सचिव ने किया कोसा उत्पादन केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्रामोद्योग विभाग के सचिव ने कोसा उत्पादन केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस बीच बुनकर सदस्यों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने प्रथम फसल में 143 हितग्राहियों द्वारा उत्पादित कोसा फल की राशि करीब 40 लाख रुपए हितग्राहियों को चेक के माध्यम से वितरित किए।

छत्तीसगढ़ ग्रामोद्योग विभाग के सचिव सहसंचालक श्याम धावड़े एवं ए. आयाज, संयुक्त संचालक हथकरघा ने शुक्रवार 26 सितंबर को जिले में विभागीय गतिविधियों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नोलॉजी का निरीक्षण करते हुए संस्थान के कार्यों के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने शासकीय कोसा उत्पादन केंद्र महुदा (च) का अवलोकन कर कोसा कृमिपालकों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रथम फसल में 143 हितग्राहियों द्वारा उत्पादित कोसा फल की राशि चालीस लाख अट्ठाइस हजार दो सौ अड़सठ रुपए का चेक हितग्राहियों को प्रदान किया गया। इसके उपरांत उन्होंने आदर्श बुनकर सहकारी समिति के बुनकर सदस्यों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान हेतु उचित मार्गदर्शन दिया। साथ ही, बुनकारी कार्यों में अधिक आमदनी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।


कोसा उत्पादन केन्द्रों का निरीक्षण करते ग्रामोद्योग विभाग के सचिव श्री धावड़े एवं अन्य अफसर।

**ग्रामोद्योग से जुड़े हितग्राहियों को किया जाएगा प्रोत्साहित-** छत्तीसगढ़ ग्रामोद्योग विभाग के सचिव सहसंचालक शश्याम धावड़े एवं संयुक्त संचालक हथकरघा ए. आयाज ने निरीक्षण उपरान्त कलेक्टर जन्मेजय महोबे, सीईओ जिला पंचायत गोकुल रावटे, एसडीएम जांजगीर एवं संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित अधिकारियों से विभागीय कार्यों को प्रोत्साहन हेतु विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में सहायक संचालक रेशम मधुप चंदन, सहायक संचालक सौरभ सिंह ठाकुर, बिहारी लाल पटेल उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया स्कूल आईटीआई व निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**मालखरौदा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन 25 सितंबर को मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम बंदोरा, दर्राभांठा, एवं मरघट्टी मालखरौदा में चल रहे के निर्माण कार्यो, स्कूल संचालन, पुस्तकालय आई टी आई का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव, उपयंत्री को गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने निर्देशित किया गया तो स्कूलों में पहुंचे शिक्षकों को शिक्षा स्तर मे सुधार करने ,निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत संदीप कश्यप के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

## 102 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ 7 आरोपी गिरफ्तार

**हसौद।** थाना हसौद पुलिस ने अवैध शराब कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम देवरघटा और हसौद में दबिश देकर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 102 लीटर कच्ची महुआ शराब, दो मोटरसाइकिल सहित 90,200 रुपए की संपत्ति जब्त की है।

घटना 25-26 सितंबर की दरम्यानी रात की है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम देवरघटा में हुसन बंजारे, दिलीप कुमार आजाद और डिहीराम बंजारे अवैध शराब बिक्री के लिए रखे हैं। साथ ही संदीप आजाद, प्रभात आजाद, उमेश कुमार आजाद और रोमियो लहरे शराब को मोटरसाइकिल से परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र यादव के नेतृत्व में टीम गठित कर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान हुसन बंजारे के कब्जे से 10 लीटर, दिलीप आजाद से 30 लीटर, डिहीराम बंजारे से 12 लीटर, प्रभात आजाद से 30 लीटर और उमेश कुमार आजाद से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। वहीं संदीप आजाद से लाल रंग की हीरो होंडा सीडी डॉन बाइक और रोमियो लहरे से काली हीरो पैशन प्रो बाइक जब्त की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना हसौद की टीम प्रधान आरक्षक संजय शर्मा, ओमप्रकाश अजगल्ले, फलेन्द्र मनहर, रामगिलास लहरे, आरक्षक घनश्याम पांडे, कमलेश धारिया, राजेश यादव, शिवगोपाल रात्रे, गंगाराम यादव, गोपेश्वर नेताम, चंद्रभान चंद्रा और महिला आरक्षक प्रतिभा मिरि शामिल रहे।


पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी व जब्त शराब।


अटल परिसर की साफ सफाई करते भाजपा जांजगीर-नैला मंडल के पदाधिकारी।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- भाजपा मंडल जांजगीर नैला ने चलाया स्वच्छता अभियान

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल जांजगीर नैला द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के निमित्त जांजगीर के अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के प्रतिमा एवं परिसर की सफाई की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है,इन्होंने एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय की के माध्यम से समाज के अंतिम छोर में रहने वाले व्यक्ति की सेवा करने की हमे प्रेरणा दी है,इस अवसर पर पूर्व सांसद कमला पाटले,पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, नंदिनी राजवाड़े,इंजी.रवि पांडेय,पुष्पेंद्र सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष हितेश यादव,आशु गोस्वामी,मंडल महामंत्री द्वय विवेक सिंह,रामेश्वर पटेल,नगर पालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल, उपाध्यक्ष मोहन यादव,संतोषी दुबे, प्रेमलता कौशिक, प्रतिमा डहारे राकेश रूपवानी,मोतीलाल डहरिया, उमेश राठौर,पुष्पेंद्र निर्मलकर, अजीत गढ़वाल, रघुनंदन कश्यप, दिनेश राठौर,सुनील कश्यप, रमेश सोनवानी, कालू सेन, धीरज पाठक,गुड्डु कहरा, अमित यादव, गोलू दुबे, प्रदीप राठौर,श्याम सोनू यादव, अजय कौशिक,चुन्नी राठौर, देवानंद गढ़वाल, रितेश राठौर, छत्रपाल विजय,संतोष साहू,रवि पांडेय, अनिल शर्मा, देवकुमार गढ़वाल, लक्ष्मी सारथी, रामगोपाल चौरसिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्र संघ चुनाव में अखिल विद्यार्थी परिषद की जीत पर पटाखे फोड़कर मनाया जश्न

**जांजगी-चांपा।** छात्र संघ चुनाव में दिल्ली,पंजाब, हैदराबाद विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ऐतिहासिक जीत पर नगर के हृदय स्थल भारत माता चौक (कचहरी चौक) में ढोल नगाड़े की थाप पर भारतमाता की गगन भेदी जयकारे के साथ,फटाका फोड़कर,मिष्ठान वितरण कर अभाविप के नगर इकाई द्वारा जश्न मनाया गया। अभाविप के नगर मंत्री उदय पांडेय ने बताया कि दिल्ली,पंजाब एवं हैदराबाद विश्वविद्यालय में अभाविप की जीत राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत है। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष हितेश यादव द्वारा अभाविप के नवीन पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया तथा सभी अभाविप के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि सदैव छात्र हित में सकारात्मक एवं राष्ट्रवादी सोच के साथ कार्य करने की विश्वास जताया।



इस कार्यक्रम के प्रमुख रूप से अमर सुल्तानिया,पुष्पेंद्र सिंह,गुलाब सिंह चंदेल, भाजपा मंडल महामंत्री विवेक सिंह,नंदिनी राजवाड़े,समाजसेवी अनुराग टिंकू शुक्ला,आशुतोष गोस्वामी,गोलू दुबे,शैल राठौर,गौरव सिंह,अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ तिवारी,नगर मंत्री उदय पाण्डेय, सहमंत्री द्वय आर्यन सिंह,शिवांश सिंह,महाविद्यालय प्रमुख अनुराग त्रिपाठी,कार्यालयीन प्रमुख संस्कार पाण्डेय,स्टडी सर्कल प्रमुख संस्कार त्रिपाठी, अद्वैत शुक्ला,सुजल दुबे,अनिश शर्मा,श्रीकांत मिश्रा, प्रांजल देवांगन, अभिनव सिंह, अभय सिंह,अनिरुद्ध चौधरी,आदर्श जैशवाल, सूरज राठौर, आयुष यादव,रोहन शुक्ला, रितेश राठौर,कृष्णा राठौर,नितेश साहू, दीपमाला साहू, कृतिमा चौहान, आशुतोष राठौर, चिराग सिंह, युवराज जयसवाल,कृष्ण बंजारा, अनुराग सिंह,आर्यन सिंह, प्रह्लाद ध्रुव,ललित प्रधान, यश राठौर,प्रांजल थवाईत, मयंक कश्यप एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जगह-जगह विराजी मां दुर्गा



अटल चौक कन्हाईबंद में विराजी मां दुर्गा।


ग्राम भंवतरा में जीनियस ग्रुप द्वारा विराजी आदि शक्ति मां नौ दुर्गा।



तुस्मा के गुड़ीपारा में विराजित मां दुर्गा।


नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति गांधी चौक फगुरम।


चांपा के कोरबा रोड में विराजी मां दुर्गा।


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति जवाहर चौक फगुरम


बहेराडीह स्थित मां भुवनेश्वरी मंदिर परिसर में विराजित मां दुर्गा भवानी।


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति तिलाई भाठा फगुरम


नया उजागर समिति अंबेडकर चौक फ़गुरम

### सिउड़ में आयोजित सेवा सप्ताह के कार्यक्रम में शामिल हुये सांसद व पूर्व नेता प्रतिपक्ष

# जन-जन तक पहुंचाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सिऊड़ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सेवा सप्ताह और स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल अतिथि के रूप में उपस्थित हुये।

इस अवसर पर चण्डी दाई मंदिर परिसर में सेवा सप्ताह के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ का कार्यक्रम भाजपा द्वारा पूरे देश में चलाया जा रहा है इसमें अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये है। हम सब लोगों को मिलकर सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम को सफल बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी का स्वच्छता का मूल मंत्र है, स्वच्छ भारत के लिये हमें मिलजुलकर काम करना है। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि इस सेवा संकल्प सप्ताह के तहत स्वच्छता का संदेश घर-घर तक पहुंचाना है इसकी शुरूवात हमे स्वयं से प्रारंभ करना है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों, गरीबों, किसानों एवं महिलाओं के लिये मोदी जी के सरकार के द्वारा चलाये जा रहे लोककल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चलाये जा रहे विकास कार्यो, महतारी वंदन योजना, किसानों के लिये किये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुये इसे घर-घर, द्वार-द्वार तक पहुंचाने का आग्रह किया तथा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नवागढ़ मंडल अध्यक्ष समर्थ सिंह (बिट्टू) ने किया। ग्राम सिऊड़ पहुंचकर सांसद श्रीमती कमलेश व पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने सर्व प्रथम ग्राम की आराध्य देवी चण्डी दाई मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की व सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। इस कार्यक्रम के बाद स्कूल परिसर में पहुंचकर सभी लोगों ने स्कूल परिसर में साफ-सफाई किया तथा एक पेड़ मां के नाम के पौधे लगाए। इस अवसर पर नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विवेका गोपाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष निरंजन कोसले, जनपद अध्यक्ष श्रीमती कांता मोहन कश्यप, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, बृहस्पति कश्यप, सरपंच नकुल सूर्यवंशी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते अतिथि।

## समानता और समाज सुधार का संदेश देती गुरु बालकदास फिल्म

**जांजगीर-चांपा।** सतनामी समाज एवं अधिकारी-कर्मचारी संघ जांजगीर द्वारा आयोजित गुरु बालकदास फ़िल्म का विशेष प्रदर्शन रविवार और सोमवार को स्थानीय मेट्रो सिनेमा हॉल में किया गया। फ़िल्म देखने के लिए अपार भीड़ उमड़ी और सिनेमा हॉल पूरी तरह हाउसफुल रहा। स्थिति ऐसी रही कि अनेक दर्शकों को ज़मीन पर बैठकर फ़िल्म देखनी पड़ी। यह दृश्य गुरु बालकदास के प्रति समाज की गहरी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक रहा।

समाज के पदाधिकारियों विजय मनहर, डॉ. संजय कुमार, चंद्रकुमार मिरी और मिथुन भास्कर ने कहा कि यह फ़िल्म समाज में नई चेतना और सामाजिक सद्भाव जागृत कर रही है। उन्होंने सर्व समाज से आग्रह किया कि अधिक से अधिक लोग इस फ़िल्म को देखें और गुरु बालकदास के संदेशों को आत्मसात करें। यह फ़िल्म सतनामी समाज के संत, समाज सुधारक और युगदृष्टा बाबा गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र, बलिदानी राजा गुरु बालकदास के जीवन पर आधारित है। इसमें विस्तार से बताया गया है कि किस प्रकार गुरु बालकदास ने उस समय की कुरीतियों और अंधविश्वासों के विरुद्ध आवाज़ उठाई। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख संरक्षक कवि हरिप्रसाद पाटले, ए.डी. आज़ाद, बी.आर. रत्नाकर, कमलनारायण भारद्वाज, एच , एल कुर्रे सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प



**देवरी सारागांव।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर ग्राम कड़ारी में सारागांव भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का सिद्धांत आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करता है। उनका जीवन दर्शन हमें अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा और विकास का संदेश देता है। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता हीरा साय साहू, सुरेश साहू, रामायण केवट, साहेब लाल साहू, रम्हाई लाल साहू दाताराम साहू विजय सौखीलाल एवं साथीगण उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय स्व- आकलन प्रतियोगिता परीक्षा का होगा आयोजन

**बिर्रा।** निःशुल्क राज्य स्तरीय स्वाकलन प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन 2 नवम्बर को होगा। समिति के सदस्य दुष्यन्त कश्यप और बुद्धेश्वर कश्यप ने बताया कि इस वर्ष पालकों एवं विद्यार्थियों के आग्रह पर परीक्षा का माध्यम हिन्दी एवं अंग्रेजी रहेगा। परीक्षा केंद्र तीन अलग -अलग स्थानों पर आयोजित होंगे। पहला केन्द्र ग्राम बिर्रा के सरस्वती शिशु मंदिर एवं देव पब्लिक स्कूल के अतिरिक्त तीसरा परीक्षा केन्द्र स्वामी आत्मानंद विद्यालय भटगांव जिला सारंगढ़ तथा चौथा परीक्षा केन्द्र अम्रृत लाल हायर सेकेण्डरी विद्यालय चोरभट्ठी वि.खं. पामगढ़ में बनाना तय हुआ है। विद्यार्थियों के उत्साह वर्धन हेतु ईनाम राशि की भी व्यवस्था की गई है। देव पब्लिक स्कूल बिर्रा में भव्य सम्मान समारोह में 9 नवम्बर को प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में प्रथम पुरस्कार 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार 9 हजार , तृतीय पुरस्कार 8 हजार एवं चतुर्थ पुरस्कार 7 हजार, पंचम पुरस्कार 6 हजार, षष्ठम पुरस्कार 5 हजार, सप्तम पुरस्कार 4 हजार, अष्टम पुरस्कार 3 हजार, नवम पुरस्कार 2 हजार, दशम पुरस्कार 1 हजार प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मेरिट क्रम 11 से 50 वें क्रम तक के प्रत्येक प्रतिभागियों को 500 की सांत्वना राशि आकलन समिति द्वारा पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाएगा। 25 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक प्रतिभागियों हेतु पंजीयन की सुविधा होगी। इसकी तैयारी में समस्त कार्यकर्ता मूलचंद देवांगन,कमलेश गुप्ता,राजू देवांगन,मनीष वैष्णव,बुद्धेश्वर कश्यप,दिनेश चंद्रा,प्रहलाद कहार,संतोष कश्यप,विष्णु अवतार ,शशिकांत कश्यप,राजेंद्र गुप्ता,राजेंद्र देवांगन,देवेंद्र कश्यप,खिलावन जायसवाल, करण,नवधा चंद्रा ,तुलेश्वर देवांगन,विजयेंद्र देवांगन,विश्वनाथ कश्यप,रवि कश्यप आदि लगे हुए है।

## शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष एवं सदस्यों से की सौजन्य भेंट



**चांपा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री भुवनेश्वर देवांगन के नेतृत्व में 23 सितंबर को सायं 7 बजे शिक्षक साथीगणों ने छत्तीसगढ़ शासन पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आर. एस. विश्वकर्मा से सर्किट हाउस जांजगीर में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य हरिशंकर यादव एवं यशवंत वर्मा भी उपस्थित थे। आयोग अध्यक्ष एवं सदस्यों का आत्मीय स्वागत शिक्षक संघ पदाधिकारियों द्वारा शाल एवं गुलदस्ता भेंटकर किया गया। मुलाकात के दौरान प्रांतीय मंत्री भुवनेश्वर देवांगन ने शिक्षक संघ के साथियों का परिचय कराया तथा संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। सौजन्य भेंट के इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री भुवनेश्वर देवांगन, प्रांतीय मीडिया प्रभारी डॉ. रविन्द्र द्विवेदी, जिला सचिव विजय थवाईत, श्री प्रदीप श्रीवास एवं जय तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी प्रांतीय मीडिया प्रभारी डॉ रविंद्र द्विवेदी ने दी हैं।

जसगीत गायन के साथ कीर्तन-भजन व झांकी का किया जा रहा प्रदर्शन, माता के दर्शन के लिए दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालु,

# नवरात्र पर्व पर शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ केरा

नवरात्र पर्व के अवसर पर सिद्धपीठ मां चण्डीदाई मंदिर में आस्था की ज्योति जगमगा रही है। यहां इस बार 876 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है। माता के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रोज पहुंच रहा है। मंदिर के इतिहास को लेकर नवरत्न शुक्ल बताते हैं कि 3 शताब्दी पूर्व इस मंदिर का निर्माण कराया गया था। तब से लेकर निरंतर यहां माता की पूजा- अर्चना होती आ रही है।



केरा के आदि शक्ति मां महामाया देवी मंदिर में प्रज्जवलित मनोकामना ज्योति कलश।

### महामाया में रोज पहुंच रहे श्रद्धालु

आदिशक्ति मां महामाया देवी की विधि विधान से पूजा अर्चना हो रही है। यहां श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए गए है। माता के दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर दूर से पहुंच रहे है।

शारदीय क्वांर नवरात्रि में वर्ष 1998 से महामाया देवी मंदिर में दीप प्रज्जवलित हो रहे है। सन 2009 से अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित हो रहे है। ग्राम केरा में आदिशक्ति मां महामायादेवी चण्डीदाई एवं ठाकुरदेव तीनों अकोल पेड़ के नीचे विराजमान है। नवरात्रि के शुरु दिन से ही जसगीत मंडली गायन कर रही है। कीर्तन भजन के साथ झांकी का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। नवरात्रि के अष्टमी के दिन हवन होगा। वहीं नवमीं के दिन बाजे गाजे के साथ लोग बाना लिये हुए शांति व्यवस्था के साथ विसर्जन के लिए जाते है। समिति के सदस्य राकेश शुक्ला, नरेश देवांगन, अनिल पाण्डेय, नंदराम, भीष्म, पन्नलाल आदित्य, भोजराम ढीमर, शिव धीवर, गिरधारी देवांगन, तीजराम धीवर, तोरन देवांगन, शेषनाथ श्रीवास, रोशन डश्रीवास, खेम देवांगन, राजकुमार यादव, सुरेन्द्र देवांगन, शिवराम दास वैष्णव सहित सदस्य माता की सेवा में जुटे हुए है।

### मां धुत्तिन दाई मंदिर में जग मागा रहे आस्था के दीप

मुलमुला। ग्राम कोनार गढ़ में शारदीय नवरात्रि धूम धाम से मनाया जा रहा है। लीलगर नदी के तट पर विराज मान आदि शक्ति मां धुत्तिन दाई मंदिर में भक्तों के आस्था के दीप जग



मागा रहे है। धनेश्वर निषाद ने बताया कि यह शारदीय नवरात्रि पर्व पर भक्तों द्वारा 235 तेलज्योति कलश, 21 घी ज्योति कलश प्रज्जवलित किए गए है । मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना हो रही है। आदि शक्ति मां धुत्तिन दाई मंदिर में केवट समाज द्वारा साफ सफाई भक्तों की व्यवस्था ज्योति कक्ष के रेख देख केवट समाज द्वारा किया जा रहा है । मंदिर को लाइटों से विशेष सजाया गया है। मंदिर में जस गीत कीर्तन भजन के कार्यक्रम रोज किया जा रहा है। माता के दर्शन के लिए दूर दूर से भक्त पहुंच रहे है। मंदिर के मुख्य पुजारी राम तिवारी मुलमुला द्वारा एवं मंदिर के पांडा द्वारा सुबह शाम आरती किया जा रहा है। सप्तमी एवं अष्टमी को सैकड़ों भक्तों द्वारा अपने मानो कामना के लिए भुइया नापते लौट मरते मंदिर परिसर पहुंचेंगे। व्यवस्था सुचारू रूप से केंवट समाज द्वारा किया जा रहा है ।

### खोखरा बाजार पारा में विधि विधान से हो रही मां भगवती की आराधना

**जांजगीर।** शारदीय नवरात्रि पर बाजार पारा खोखरा में मां जगदम्बा सेवा समिति द्वारा विधि विधान से कलश स्थापना और पूजा-अर्चना करते हुए मां दुर्गा विराजित की गईं। पंडित दुर्गेश महराज ने पहले दिन शैलपुत्री की पूजा व भजन के साथ आरती कराई। समिति ने मां दुर्गा के पंडाल और भक्तों के आवागमन के मार्ग को आकर्षक लाइटिंग से सजाया है। भक्तों की सुविधा के लिए छावनी और मैट की व्यवस्था की गई है। समिति के पदाधिकारी 26 सालों से माता की सेवा कर रहे हैं। मां जगदम्बा सेवा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पंडाल में शाम 7 बजे आरती का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित होकर पूजा-अर्चना कर



रहे हैं। माता की ज्योत जलाकर विशेष पूजा की जा रही है। भक्ति संगीत और मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण आध्यात्मिक बना हुआ है। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाता है। समिति के सदस्य व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित कर रहे हैं। पंडाल को रंगीन रोशनी और फूलों से सजाया गया है। भजन संध्या और झांकियों का भी आयोजन किया जा रहा है। दुर्गेश महराज ने बताया कि नवरात्र के पूरे नौ दिन मां के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी। शाम को मां की आरती के उपरांत भजन, जसगीत के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समिति सदस्य भीम राठौर, गणेश बरेठ, भवानी राठौर, राजू राठौर, राजेश राठौर, रामशंकर, लक्ष्मीनारायण राठौर, संदीप राठौर, पिंटू राठौर, तीरथराम राठौर उपस्थित रहे।

### देवी मंदिरों में प्रज्जवलित हो रहे मनोकामना ज्योति कलश

**देवरी - सारागांव।** कंवार नवरात्रि पर्व को लेकर नगर एवम ग्रामीण क्षेत्रों में गांव के प्रमुख चौक चौराहों में मां दुर्गा स्थापित के लिए दुर्गा समितियों द्वारा पंडालों को भव्य रूप देकर उन्हें झालर लाइट डेकोरेशन और अन्य साज सज्जा से सुजज्जित कर गांव व नगर में कलश यात्रा निकाली गई। जिसके बाद पंडितों द्वारा विधि विधान से घट स्थापना और पूजा अर्चना के साथ मां दुर्गा की मूर्तियों को स्थापित किय गया। नगर और ग्रामीण अंचल के सभी देवी मंदिरों में भी विशेष तैयारियां की गई है। मंदिरों को लिपाई - पोताई कर उन्हें भी झालर लाइट से सजाया गया है और ज्योत कलश की स्थापना की गई। कंवार नवरात्रि 22 सितम्बर से शुरू हो चुका है और यह पर्व 1अक्टूबर तक चलेगी । जहां श्रद्धालु भक्त नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करेंगे। नवरात्रि का यह पर्व हिंदू धर्म के प्रमुख त्यौहारों में से एक हैं, जो पूरी तरह से मां दुर्गा को समर्पित है। नवरात्रि के पहले दिन,अश्वनी मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी 22 सितम्बर को मां शैलपुत्री पुत्री की पूजा की गई। इस दिन ही कलश स्थापना या घट स्थापना की जाती है, मान्यता है कि नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की विधिवत पूजा करने से जीवन में शुभ फलों की प्राप्ति होती है। भक्तगण नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना या कलश स्थापना करते हैं और मां दुर्गा से अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं, नवरात्रि के नौ दिनों तक भक्तगण मां के विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना करते हैं, जिससे उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा और शक्ति प्राप्त होती है।



## शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 240 का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**सक्ती।** नवीन कन्या महाविद्यालय सक्ती में शुक्रवार 26 सितंबर को प्रातः 11 बजे से स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा डॉ अतीक शेख के तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्राओं एवं अधिकारी कर्मचारी सहित लगभग 240 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही छात्राओं को स्वास्थ संबंधी जानकारी प्रदान की गई एवं आवश्यक दवाइयां प्रदान की गई।



महाविद्यालय के प्राचार्य विजय देवांगन, जनभागीदारी समिति के सदस्य रामनरेश यादव, आशुतोष तिवारी, टी आर जायसवाल, रामराज चौहान द्वारा भी स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया गया। इसके पश्चात द्वितीय सत्र में 2 बजे से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रशांत कुमार शिवहरे प्रथम जिला एवं सत्र न्यायधीश द्वारा अध्ययनरत छात्राओं को विधिक साक्षरता एवं विभिन्न कानून सम्बन्धी जानकारी विस्तार पूर्वक प्रदान की गई। उसके पश्चात छात्राओं द्वारा भी विभिन्न प्रश्न पूछा गया, जिनका न्यायधीश ने उनको उत्तर दिया एवं छात्रों को नैतिक शिक्षा के साथ मूल अधिकारों के बारे में जागरूक किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य विजय देवांगन, आशुतोष तिवारी, टी आर जायसवाल, राम राज चौहान, प्रो रेणुका यादव,किरण कश्यप, शशि कमलेश, राजलक्ष्मी सिंह, नीतू चौहान, कमलेश्वरी चंद्रा, कामिनी सिडार, बनवासी राम,संजीव भारती, इश्वर पंकज,विनोद खूंटे, झगड़ सिंह,योगेश सिंह, कमल देवांगन एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

## एसपी ने पीड़ित परिवार की बेटियों की शिक्षा की उठाई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- **परिजनों से सीधे मिलकर संवेदना व्यक्त करते हुए शिक्षा को प्राथमिकता देने का लिया संकल्प**

थाना बिर्रा क्षेत्रांतर्गत ग्राम करही गांव में हुए तीन हत्या कांड के पीड़ित परिवारों की बेटियों की शिक्षा की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने ली। मृतक महेन्द्र बघेल की नन्ही बेटी मायरा बघेल का अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एडमिशन कर पूरा वार्षिक शुल्क व ट्रांसपोर्ट शुल्क स्वयं वहन करने का संकल्प लिया। मृतक मनोज कश्यप की बेटी सोनिया कश्यप को स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया।



पीड़ित परिवार को पुस्तक व अन्य सामग्री प्रदान करते थाना प्रभारी।

गौरतलब है कि बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम करही में माह सितम्बर में हुई तीन हत्या की घटना के बाद मृतक परिवार गहरे शोक और आर्थिक कठिनाई से गुजर रहे थे। विपरीत परिस्थितियों में बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही थी। इस पीड़ा को समझते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार एवं थाना प्रभारी बिर्रा जय कुमार साहू के साथ घर जाकर पीड़ित परिवारों से भेंट की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान मृतक उपसरपंच महेन्द्र बघेल की नन्ही बेटी कु मायरा बघेल, जो ग्राम पेण्ड्री (जिला सक्ती) स्थित एम.एस. कश्यप बाल संस्कार अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अध्ययनरत है, परिवार में विपत्ति एवं आर्थिक स्थिति के कारण अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पा रही थी। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मायरा की पूरे शैक्षणिक सत्र (2025-26) की फीस व ट्रांसपोर्ट शुल्क स्वयं वहन करने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी बिर्रा जयकुमार साहू की टीम ने विद्यालय जाकर संपूर्ण शुल्क का भुगतान किया। साथ ही छात्रा कु मायरा को किताबें, कॉपी, स्कूल बैग और अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। इसी प्रकार मृतक मनोज कश्यप की बड़ी पुत्री सोनिया कश्यप, जो कक्षा 12वीं उत्तीर्ण कर चुकी हैं, उन्हें उच्च शिक्षा जारी रखने हेतु प्रेरित किया गया। उनके स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों का होता है सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- **भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस**

डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ में 24 सितंबर को डॉक्टर प्यारेलाल आदिले प्राचार्य जेबीडी महाविद्यालय कटघोरा डॉ मनोज गुप्ता एल आई सी एमडीआरटी यूएसए के विशिष्ट आतिथ्य तथा डॉ एस आर महेंद्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं स्वयं सेवक।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। डॉ एस आर महेंद्र द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास व उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना पर लिखे गए कविता प्रस्तुत किया गया। डॉ प्यारेलाल आदिले ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के चरित्र निर्माण पर सर्वश्रेष्ठ संगठन है इसके द्वारा विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। डॉ मनोज गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को संस्कारिक बनाता है हमें अपने माता-पिता वह गुरु जनों का सदैव सम्मान करना चाहिए। फिरत राम सारथी द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर 2024 25 का बी प्रमाण पत्र स्वयंसेवकों को दिया गया,। भूतपूर्व स्वयंसेवकों का सम्मान कर भेंट स्वरूप पेन दिया गया। सभी अतिथियों को डॉ एस आर महेंद्र द्वारा डायरी भेंट दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सोमेश श्रीवास एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर संतोषी उरांव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एस के त्रिपाठी, डॉ श्वेता जैन,सुश्री मीरा टंडन, श्रीमती चांदनी छाबड़ा, श्रीमती लक्ष्मी गौरी,सभी अतिथि प्राध्यापक तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रतियोगिताओं में आगे आने के अपनी क्षमता का उपयोग कर करें पढ़ाई : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- **स्नातकोत्तर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का किया गया सम्मान**

डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह द्वारा स्व. डॉक्टर इंद्रजीत सिंह की स्मृति में पिछले वर्ष की स्नात्कोत्तर कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ ही पिछले वर्ष के सर्वश्रेष्ठ छात्र एवं छात्रा को नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव ईश्वर खंडेलिया एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनेंद्र मेहता एवं प्राध्यापक मंच में उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबंध करते हुए सौरभ सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि यह प्रतिस्पर्धा का युग है एवं आप सभी को आगे आने के लिए प्रतिस्पर्धाओं से जूझना होगा तभी आप प्रगति कर सकेंगे। प्रतियोगिताओं में आगे आने के लिए आपके पास पढ़ाई के अलावा और कोई रास्ता नहीं है इसलिए पढ़ाई में अपनी सर्वोत्तम क्षमता का उपयोग कीजिए। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं का वर्तमान परिस्थितियों में मोबाइल से होने वाले नुकसान की ओर ध्यान दिलाते हुए उनसे अनुरोध किया कि वह स्वयं को मोबाइल से दूर रखें। उन्होंने महाविद्यालय की बाउंड्री वाल एवं बिल्डिंग की मरम्मत के साथ ही पिंक टायलेट निर्माण एवं अन्य आवश्यकताओं पर मुख्यमंत्री से चर्चा कर जल्द से जल्द पूरा करवाने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## हजरत बाबा सैयद यासीन अली का 56 वां सालाना उर्स 28 से

**पामगढ़।** चंडीपारा पामगढ़ में हजरत बाबा सैयद यासीन अली शाह चिश्ती कादरी रहमतुल्लाह अलैह का 56 वा सालाना उर्स शरीफ 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक होगा। उर्स का शुभारंभ 28 सितंबर को दरगाह झंडी की रस्म अदा से की जाएगी। 29 सितंबर को कव्वाली, 30 सितंबर को संदल चादर चंडीपारा पामगढ़ में गश्त करते जुलूस के साथ दरगाह में चादर पेश की जाएगी एवं 1 अक्टूबर को सुबह कुल की फातेहा व रात में दरगाह के पास लंगर के साथ उर्स का समापन होगा। बाबा के शागिर्द छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र उड़ीसा के आलावा कई प्रान्तों में रहते हैं, जो सालाना उर्स में प्रति वर्ष अपने परिवार के साथ हजारों की संख्या में आकर चादर चढ़ाते हैं।

